# भारतीय समाज स्व-नियंत्रित और सुसंस्कृत : सीएम

- सिविल सेवा अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ
- सत्र को प्रशासन अकादमी में संबोधित किया



**भोपाल 7 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय समाज स्व-नियंत्रित और सुसंस्कृत समाज है. राज्य सेवा के लिए चयनित अधिकारी पवित्र सेवा भाव और परिष्कृत मन मस्तिष्क के साथ, उन्हें मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए अपने दायित्व निर्वहन की ओर अग्रसर हों.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकारी अपनी कुशलता और दक्षता से सभी की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरे उतरें यही कामना है. मुख्यमंत्री यादव ने राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों के 118वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को प्रशासन अकादमी में संबोधित किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षुओं से कहा कि नर्सरी कक्षा से लेकर अब तक के शिक्षण-प्रशिक्षण से मिले ज्ञान के आत्म अवलोकन से अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक संपन्न करें. उन्होंने कहा कि शिक्षण से व्यक्ति और प्रशिक्षण से व्यक्तित्व का निर्माण होता है. हमारी पाठ्य पुस्तकें अपार ज्ञान का भंडार हैं, लेकिन दायित्वों को पूरा करने के लिए इसी ज्ञान की मदद से अपना मार्ग स्वयं खोजना होगा.

मुख्यमंत्री ने अपने दायित्वों के निर्वहन में पारिवारिक मूल्यों का ध्यान रखने, जनसामान्य के साथ शालीन व्यवहार और संवाद क्षमता विकसित करने तथा आउट ऑफ बॉक्स सोचते हुए समाज हित में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया. बड़े पद की जिम्मेदारी के साथ-साथ परिवारजन और मित्रों की अपेक्षाओं पर बने रहना भी एक चुनौती है.

उन्होंने कहा कि आपका व्यवहार ऐसा हो कि आप अधिक से अधिक लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें.

### 83 प्रशिक्षुओं को होगा प्रशिक्षण

इस मौके पर अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, महानिदेशक प्रशासन अकादमी सचिन सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजा बाबू सिंह ने भी संबोधित किया। संचालक प्रशासन अकादमी मुजीबुर्रहमान खान ने सभी आभार जताया. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा में चयनित वर्ष 2020 और 2021 बैच के उप जिलाधीश, उप पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार पद के लिए चयनित कुल 83 प्रशिक्षुओं के सात सप्ताह का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 अप्रैल से 23 मई 2025 तक प्रशासन अकादमी में संचालित होगा.

# मैंने ही ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून बनाया था

- 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण पर कोई रोक नहीं



**भोपाल, 7 अप्रैल. मप्र में ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने में कोई न्यायिक अड़चन नहीं है. सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को सही मानते हुए यह स्पष्ट किया. कोर्ट ने कहा कि 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण पर कोई रोक नहीं हैं.**

कोर्ट के इस निर्णय पर कांग्रेस नेता कमलनाथ ने बयान दिया है. कमलनाथ ने बताया कि अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में 2019 में मैंने प्रदेश के ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का क़ानून बनाया था. उसके बाद से बनी भाजपा की सरकार असंवैधानिक रूप से षडयंत्र रचकर लगातार ओबीसी को आरक्षण से वंचित कर रही है. पहले मप्र हाईकोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट कर दिया है कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने वाले क़ानून पर कोई रोक नहीं है. नाथ ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी को अब प्रदेश के ओबीसी समाज से माफ़ी माँगनी चाहिए और तत्काल प्रभाव से प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देना चाहिए.

# महाकाल में करोड़ों के काम, नहीं हो पा रहा ठेकेदारों का भुगतान

- क्रिस्टल व के एस एस कंपनी समेत निर्माण एजेंसियों के बिल बाकी

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन. महाकाल दर्शन, पूजन अभिषेक, दान और लड्डू की बिक्री से महाकालेश्वर मंदिर की सालाना आय 200 करोड रुपए तक पहुंच गई है. इस धार्मिक संस्थान से करोड़ों का भुगतान ठेकेदारों का बकाया है.**

नवभारत ने जब इस संबंध में महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि कुछ भुगतान होना अभी बाकी है. ऐसे में तेजी से बकाया भुगतान करने की प्रक्रिया चल रही है. लगभग 1 हफ्ते में बकाया भुगतान कर दिया जाएगा.

श्रद्धालुओं की संख्या बड़ी, ढर्रा वही- महाकाल लोक बनने के पश्चात विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर मंदिर में लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं, उनकी सुलभ दर्शन व्यवस्था के मद्देनजर मंदिर परिसर में कई निर्माण एजेंसियों के माध्यम से विकास कार्य संचालित किया जा रहे हैं. दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ने के बावजूद आंतरिक व्यवस्थाओं का जिम्मेदारों ने ढर्रा नहीं सुधारा.



### ऑडिट के बाद सभी का भुगतान होगा

नवभारत से चर्चा में महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि फाइल का अनुमोदन कराना होता है. ऑडिट के बाद सभी का भुगतान कर देंगे.

### हाउसकीपिंग और क्रिस्टल कंपनी का भुगतान बकाया

क्रिस्टल कंपनी से लेकर के एसएस कंपनी भी मन्दिर में कार्यरत है. इन सब का भुगतान महाकाल मंदिर प्रबंध समिति को करना होता है, जिसमें कोताही बरते जाने का मामला सामने आया है. लाखों रुपए का भुगतान अटका हुआ है जो अब करोड़ों में पहुंच गया है. भुगतान न हो पाने की वजह से ठेकेदार से लेकर कंपनियां परेशान है.

**निर्माण और सौंदर्यीकरण** -महाकालेश्वर मंदिर में जिन निर्माण कार्यों के तहत ठेकेदार कंपनियों ने काम किया है उसमें सीलिंग वर्क, आर्टिफिशियल ग्लास वर्क, अल्युमिनियम शीट वॉल, डेकोरेशन इलेक्ट्रिक वर्क,टेंट तंबू से लेकर सौंदर्यकरण के कार्य भी किए हैं.

**धार्मिक काम में हां कर देते हैं ठेकेदार**-धार्मिक कार्य होने से ठेकेदार पहले तो लाखों करोड़ों के काम कर देते हैं, जब भुगतान अटकता है तो अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ते हैं. पूर्व में एक ठेकेदार ने तो आत्महत्या करने की धमकी भी दे दी थी, तब कहीं जाकर तत्काल कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा संज्ञान लिया गया था और 44 लाख का भुगतान कराया गया था. पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जब महाकाल मंदिर पहुंचे थे तो वहां साज सज्जा का कार्य किया गया था, जिसका भुगतान भी लंबे समय तक नहीं होने से विवाद बढ़ गया था. कई बार ऐसी स्थितियां भी उत्पन्न होती है कि ठेकेदार जब बिल लगा देते हैं तो अधिकारियों द्वारा कहा जाता है कि इतना काम नहीं हुआ जितना बिल लगाया है. यही कारण है कि ऑडिट से लेकर कार्यालय तक भुगतान की फाइल रुक जाती है.

# भीषण गर्मी के बीच छा सकते हैं बादल

- राजधानी सहित कई जिलों में अलर्ट जारी
- तेज धूप के साथ चल रही गर्म हवाएं

नवभारत रिपोर्टर

**इदौर, 7 अप्रैल. मप्र में भीषण गर्मी के बीच बादलों के छाने की संभावना एक बार फिर बनती दिख रही है. प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर है. जिससे कि 8 और 9 अप्रैल को अलग- अलग स्थानों पर बादलों के छाने और बूंदाबांदी के आसार बने हैं.**

मौसम विभाग के अनुसार नीमच, मंदसौर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, रतलाम, ग्वालियर, चंबल, रतलाम, राजगढ़ जिलों में बादल छाने की संभावना है. इस दौरान हीट वेव का असर भी रहेगा. प्रदेश में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है.

**08** और 09 अप्रैल को बूंदाबांदी के आसार | **40** डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा पारा



### जिलों का तापमान

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले 24 घंटो के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. रतलाम में लू का प्रभाव रहा. धार में गरम रात रही. सभी संभागों के जिलों में अधिकतम तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर संभागों के जिलों में तापमान सामान्य से 1.9 से 2.9 डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहा. शेष सभी संभागों के जिलों में तापमान सामान्य रहा. भोपाल संभाग के जिलों में कल की तुलना में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ा रहा. शेष सभी संभागों के जिलों के तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ

# हटेंगे कांग्रेस के पुराने सभी जिलाध्यक्ष : नायक

- पार्टी को मजबूती देने के लिए उठाया है कदम
- राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद घोषणा संभव

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल ,7 अप्रैल विधानसभा और लोकसभा में हारने के बाद कांग्रेस प्रदेश में जिलास्तर पर बड़े संगठनात्मक बदलाव की तैयारी कर रही है. कांग्रेस हाई कमांड के निर्देश के सानुसार एमपी में 50फीसदी से ज्यादा ज़िलाध्क्षों को बदलने की तैयारी है.**

लंबे समय से पद पर रहे और कमजोर प्रदर्शन वाले जिलाध्यक्षों को हटाया जाएगा। साल 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी मप्र में संगठन को मजबूती देना चाहती है। इस बदलाव में ऐसे जिलाध्यक्ष हटेंगे, जो कई सालों से पद पर हैं या जिनके क्षेत्र में कांग्रेस चुनावों में कमजोर प्रदर्शन करती रही है। सूत्रों की मानें तो प्रदेश अध्यक्ष इस लिस्ट को फाइनल कर चुके हैं, 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद घोषणा संभव है।10-12 सालों से कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बन कर बैठे है, इसके बावजूद पार्टी का प्रदर्शन बाद से बद्तर होता जा रहा है,बहुत से जिलों में अध्यक्ष वरिष्ठ नेता कमलनाथ के कार्यकाल में बने थे। अब पटवारी अपनी टीम बनाने की तैयारी में हैं। ग्वालियर शहर अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा और उज्जैन ग्रामीण अध्यक्ष कमल पटेल के अलावा शहडोल जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता 2018 से पद पर हैं। वही सतना के शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद लगभग 12 साल से तो ग्रामीण अध्यक्ष दिलीप मिश्रा 10 साल से पद पर हैं। नीमच अध्यक्ष अनिल चौरसिया 7 साल से तो विश्वनाथ ओकटे 4 सालों से पद पर हैं। खंडवा, रायसेन जैसे कई जिलों में कई साल से जिलाध्यक्ष नहीं हैं।3 अप्रैल को राहुल गांधी के साथ चर्चा में जिलाध्यक्षों ने नियुक्तियों और टिकट की प्रक्रिया में अधिकार मांगे थे.



राहुल ने कहा था उन्हें पार्षद से लेकर लोकसभा में टिकट प्रक्रिया में शामिल करने का प्रस्ताव बनेगा। साथ ही पार्टी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी भी लेनी होगी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से तीन श्रद्धालुओं की मौत, सात घायल

श्योपुर. विजयपुर में टोंगरा सुसवाड़ा से मां पनवाड़ा के दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए संतुलन खो दिया, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में दो महिलाओं और एक 7 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.घटना की सूचना मिलते ही विजयपुर के विधायक मुकेश मल्होत्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की और जिला प्रशासन को घायलों व मृतकों के परिजनों को शीघ्र उचित मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए। विधायक मल्होत्रा ने मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की, जिसमें से तुरंत 10-10 हजार रुपये की नकद राशि पीड़ित परिवारों को सौंपी गई.

# फर्जी डॉक्टरों का मुद्दा उठा कर कांग्रेस ने किया वार

- कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल,7 अप्रैल मध्यप्रदेश के दमोह जिले में हाल ही में सामने आए फर्जी डॉक्टर मामले ने पूरे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। एक फजी डॉक्टर, जो खुद को लंदन का प्रशिक्षित कार्डियोलॉजिस्ट बताकर मिशनरी अस्पताल में हार्ट सर्जरी कर रहा था, ने कम से कम 8 मरीजों की जान ले ली.

इस त्रासदी ने न केवल स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को उजागर किया है, बल्कि बीजेपी सरकार की जनता की सेहत के प्रति उदासीनता को भी सामने लाया है। हम, मध्यप्रदेश की जागरुक जनता और सामाजिक संगठन, इस मामले में तत्काल कार्रवाई और जवाबदेही की मांग करते हैं।दमोह के मिशनरी अस्पताल में नरेंद्र विक्रमादित्य यादव नामक शख्स ने डॉ. एनजॉन केम के नाम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल की.उसने जनवरी-फरवरी 2025 में 15 से ज्यादा हार्ट सर्जरी कीं, जिनमें से 8 मरीजों की मौत हो चुकी है। जांच में पता चला कि उसकी डिग्री और अनुभव पूरी तरह फर्जी थे। अस्पताल प्रबंधन ने बिना किसी पृष्ठभूमि जांच के उसे मरीजों की जिंदगी सौंप दी. जो अपने आप में गंभीर लापरवाही का सबूत है.



आरोपी के फरार होने से सवाल और गहरा गया है कि क्या प्रभावशाली लोग इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं?मध्यप्रदेश, जिसे कभी मध्य भारत का गौरव कहा जाता था, आज स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली के चलते कराह रहा ह.बीजेपी सरकार के लंबे शासनकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था न सिर्फ चरमराई है, बल्कि यह जनता के लिए मौत का पर्याय बन गई ह.फर्जी डॉक्टरों का बोलबाला, अमानक दवाओं की बिक्री, आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा, और दवा खरीदी में घोटाले ये कुछ ऐसे घाव हैं जो मध्यप्रदेश की जनता को हर दिन झेलने पड़ रहे हैं। आंकड़े और तथ्य इस बात की गवाही दे रहे हैं कि बीजेपी सरकार ने जनता की सेहत को अपनी प्राथमिकता से बाहर कर दिया हैं.

**भविष्यवाणी** वृषभ, मिथुन, धनु, सिंह, कन्या, वृश्चिक, कुंभ के लिए शुभ

# मीन राशि में मार्गी बुध ग्रह के ज्योतिषीय परिणाम



प्रो. अज़हर हाशमी
(एस्ट्रोलॉजर व पॉमिस्ट)

08 अप्रैल 2025 की सुबह से सौरमंडल का बुध ग्रह (मर्करी) मीन राशि में वक्री (रेट्रोग्रेट) से मार्गी (डायरेक्ट मूव) हो गया है. बुध ग्रह को राजकुमार ग्रह (प्रिंस प्लेनेट) कहा जाता है. मीन राशि में मार्गी बुध 07 मई 2025 तक रहकर विभिन्न राशियों/प्रदेश-देश-दुनिया को ज्योतिषीय दृष्टि से प्रभावित करेगा.

**मुख्य बातें**

1. मीन राशि में इस समय पंचग्रही योग बना हुआ है. बुध, शुक्र, शनि, राहु और सूर्य (पांच ग्रह) मीन राशि में संचरण कर रहे हैं. यह पंच ग्रही योग देश-दुनिया में प्राकृतिक आपदा की आशंका बता रहा है.
2. मीन राशि बुध ग्रह की नीच (डेबिलिटेटेड) राशि है अत: मार्गी बुध ग्रह वृषभ, मिथुन, धनु, सिंह, कन्या, वृश्चिक, कुंभ राशि को आर्थिक लाभ पहुंचाएगा. कारण यह कि मीन राशि में शुक्र के साथ बुध का नीच भंग हो गया है.
3. मीन राशि में मार्गी बुध नीच भंग होने से युवाओं को रोजगार के अवसर सुलभ कराएगा. बुध को युवा कहा जाता है. अत: युवाओं को लाभ होगा.
4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लिए शुभ है.
5. मेष राशि के लिए मीन में मार्गी बुध स्थान परिवर्तन और स्वास्थ्य कष्ट दिखा रहा है.

उल्लेखनीय है कि बुध ग्रह मिथुन और कन्या राशि का स्वामी है. कन्या राशि में यानी अपनी ही राशि में यह उच्च (एक्ज़ाल्टेड) होता है. बुध ग्रह का स्वामित्व पन्ना (एमराल्ड) हरियाली, हरे रंग के वस्त्र, हरी सब्जियां जैसे मेथी, पालक, मटर, गिलकी, भिंडी, इलायची (हरी), पत्ते वाला धनिया, मूंग की दाल, खीरा इत्यादि पर होता है. बुध ग्रह वाणी और बुद्धि का भी प्रतीक है.

प्रभु अर्थात् ईश्वर का स्मरण करके गणित के मान तथा अन्त:करण के अनुमान से 08 अप्रैल 2025 से 07 मई 2025 तक मीन राशि में मार्गी बुध का विभिन्न राशियों पर पड़ने वाले ज्योतिषीय प्रभाव (परिणाम) को चार्ट-1 परिणाम और चार्ट-2 लाभ-प्रतिशत के द्वारा दर्शाया जा रहा है. ज्योतिषी एक व्यक्ति है और व्यक्ति की सीमाएं होती हैं किंतु प्रभु अर्थात् ईश्वर की कोई सीमा नहीं होती, वह असीम है. अत: प्रभु की इच्छा ही सर्वोपरि है.

और अब कुछ बातें व्यापार/प्रदेश/देश/दुनिया की: खाद्यान्न में प्रारंभ में तेज़ी फिर उतार, सोना-चांदी में चढ़ाव-उतार, खाद्य तेलों के भावों में उतार फिर चढ़ाव, दाल-दलहन शुरू में चढ़ाव फिर उतार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात प. बंगाल, केरल में आंधी-तूफ़ान. भारत का मान बढ़ेगा. दुनिया में कलह तथा युद्ध की आशंका. शेष प्रभु की इच्छा.

**चार्ट-1 (प्रभाव-परिणाम)**

| राशियां | प्रभाव (परिणाम) |
|---|---|
| वृषभ, मिथुन, धनु | श्रेष्ठतम |
| सिंह, कन्या, वृश्चिक | श्रेष्ठतर |
| कुंभ | श्रेष्ठ |
| कर्क, तुला, मीन, मकर | संतोषप्रद |
| मेष | साधारण |

**चार्ट-2**

| राशियां | लाभ-प्रतिशत | विशेष लाभ |
|---|---|---|
| | वृषभ, मिथुन, धनु | 90 प्रमोशन, यश, धन, सम्मान |
| | सिंह, कन्या, वृश्चिक | 80 धन, मेडल, संतान, मकान |
| | कुंभ | 70 अच्छी सेहत, भूमि लाभ, धन |
| | कर्क, तुला, मीन, मकर | 60 प्रशंसा, ऋण मुक्ति, धन, तीर्थयात्रा |
| | मेष | 45 -- |

### जांच के लिए मानव अधिकार आयोग का जांच दल दमोह पहुंचा

**दमोह/भोपाल, 07 अप्रैल (वार्ता).** मध्यप्रदेश के दमोह जिला मुख्यालय पर स्थित मिशन अस्पताल में कथित तौर पर हृदय रोग संबंधी फर्जी चिकित्सक डॉ एन जोन केम उर्फ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव द्वारा अनेक मरीजों की सर्जरी करने और इस दौरान सात मरीजों की मृत्यु संबंधी सनसनीखेज मामले के खुलासे के बीच राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की दो सदस्यीय टीम जांच के लिए आज दमोह पहुंच गयी.

दूसरी ओर कथित फर्जी चिकित्सक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद दमोह पुलिस अब उसे ढूंढ रही है. उसके बारे में फिलहाल पुख्ता जानकारी नहीं मिल पायी है, लेकिन बताया गया है कि वह मूल रूप से उत्तराखंड का निवासी है. उसने कथित तौर पर एमबीबीएस की डिग्री दक्षिण भारत के किसी राज्य से हासिल की है. इसके बाद उसकी डिग्रियों के संबंध में अधिकृत तौर पर कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है. इस बीच कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि फर्जी डॉक्टर बन इस आदमी ने दमोह में लोगों की हार्ट सर्जरी कर डाली, जिसमें सात लोगों की मौत हो गयी .उन्होंने कहा कि यह व्यक्ति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव था और भाजपा नेताओं के साथ स्वयं के फोटो पोस्ट करता था.

घर बैठे कमाए
indus TOWERS
सरकारी मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट छत पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी नक्शा ऑफिस आयें या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं
8319401203
8278191967




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60